भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1198
(दिनांक 28.06.2019 को उत्तर देने के लिए)

शास्त्रीय संगीत हेतु रेडियो/दूरदर्शन चैनल

1198. डॉ. रमापति राम त्रिपाठीः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार रेडियो और दूरदर्शन पर नए चैनल शुरू करने पर विचार कर रही है जो पूर्णतः शास्त्रीय संगीत को समर्पित होंगे;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (ग): आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों में शास्त्रीय संगीत सहित सभी शैलियों को शामिल किया जाता है। डीडी भारती दूरदर्शन का 24X7 चैनल है जो भारत की कला, संस्कृति, संगीत और विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। दूरदर्शन के सभी क्षेत्रीय चैनलों पर शास्त्रीय संगीत, कला और संस्कृति इत्यादि पर काय्रक्रमों का प्रसारण नियमित रूप से किया जाता है।

आकाशवाणी का एक चैनल 'रागम' जिसे जनवरी 2016 में आरंभ किया गया था, हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत के 24X7 स्ट्रीमिंग के साथ न केवल स्वदेश में बल्कि विश्वभर में पूर्णत: भारतीय शास्त्रीय संगीत को समर्पित है। यह डीडी फ्री के एआईआर डीटीएच प्लेटफार्म, इंटरनेट-लाइव स्ट्रीमिंग, अमेजॉन एलेक्सा और मोबाइल ऐप्स पर भी उपलब्ध है।

****